INDIAN SCHOOL SOHAR **SET -2**
PERIODIC TEST -1 (2017-18)

No. of printed pages -2

दिनांक : 21 -5-2017 **विषय : हिन्दी (पाठ्यक्रम ब)** **पूर्णांक : 20**

कक्षा : 10 **समय : 40 मिनट**

निर्देश :
1 इस प्रश्नपत्र में कुल **9** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।
3 प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रम से लिखिए।

प्रश्न - 1 अपठित काव्यांश :

स्वातंत्र्य जाति की लगन, व्यक्ति की धुन है,
बाहरी वस्तु यह नहीं, भीतरी गुण है।
नत हुए बिना जो अशनि–घात सहती है,
स्वाधीन जगत में वही जाति रहती है
वीरत्व छोड़ पर का मत चरण गहो रे
जो पड़े आन, खुद ही सब आग सहो रे।
स्वर में पावक यदि नहीं, वृथा वंदन है,
वीरता नहीं, तो सभी विनय क्रंदन है।
उद्देश्य जन्म का नहीं कीर्ति या धन है,
सुख नहीं, धर्म भी नहीं, न तो दर्शन है,
विज्ञान, ज्ञान–बल नहीं, न तो चिंतन है,
जीवन का अंतिम ध्येय स्वयं जीवन है।

ऊपर दिए गए काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

प्रश्न -क) संसार में कौन-सी जाति स्वतंत्र रहती है ? 1
प्रश्न -ख) कवि के अनुसार वंदन व्यर्थ कब होता है ? 1
प्रश्न - ग) काव्यांश का शीर्षक लिखिए। 1
प्रश्न -घ) स्वतंत्रता को कवि ने क्या माना है ? 1

प्रश्न -2 नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित पदों के भेद लिखिए । 1

i) महल की <u>सजावट</u> देखने योग्य थी।

ii) रीमा <u>अक्सर</u> सिनेमा देखने जाती है।

प्रश्न - 3 माधुर्य शब्द को पद के रूप में प्रयोग करके लिखिए। 1

प्रश्न - 4 निम्नलिखित मुहावरे का प्रयोग करके अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए : 1

तीर मार लेना

प्रश्न - 5 उपयुक्त मुहावरे का प्रयोग करके खाली स्थान भरो : 1

अच्छी नौकरी पाने के लिए महेश को बहुत ______ पड़े।

प्रश्न - 6 बड़े भाई साहब पाठ के आधार पर छोटे भाई की चारित्रिक विशेषताओं की सूची बनाइए : 3

प्रश्न - 7 कबीरदास जी ने ईश्वर के सर्वत्र व्याप्त होने की बात को कैसे समझाया है ? साखी पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए : 3

प्रश्न - 8 आपके क्षेत्र में चलने वाली बस के कंडक्टर की प्रशंसा करते हुए परिवहन निगम के प्रबंधक को पत्र लिखिए : 3

प्रश्न - 9 दादीजी द्वारा तैयार किए गए अचार का एक विज्ञापन तैयार कीजिए : 3